# बाथरूम के दरवाजों में जड़े तार के ताले

## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे करीब चार सैंकड़ा लोग

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर, 9 जून. जिला मुख्यालय पर हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से सैकड़ों लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचते हैं. लेकिन इस कलेक्ट्रेट परिसर में मूलभूत सुविधाओं की जो बदहाल तस्वीर सामने आई है, वह बेहद शर्मनाक है. जनसुनवाई कक्ष के ठीक समीप बने सार्वजनिक बाथरूमों के दरवाजों पर ताले की जगह लोहे के कटीले तारों को लपेटकर उन्हें स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है, जो लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए है.**

दरअसल मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर करीब 391 (लगभग चार सैकड़ा) आवेदक पहुंचे थे. एक तरफ अधिकारी जनसुनवाई कक्ष में बैठकर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे, तो दूसरी तरफ बाहर आए लोग लघुशंका और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में भटकते हुए देखे गए. बाथरूमों की स्थिति इतनी बदतर है कि दिव्यांगों और पुरुषों के लिए आरक्षित शौचालयों की सिटकनी (कुंदी) में ताले की जगह लोहे के कटीले तार कसकर बांध दिए गए हैं, ताकि कोई अंदर न जा सके. इन कुंदियों पर लगे तार के ताले को लेकर कलेक्ट्रेट नजीर बाबू शिवम शर्मा से चर्चा करना चाहा तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया.

### लघुशंका के लिए दिखे परेशान




### स्वच्छ भारत अभियान को ठेंगा

कलेक्ट्रेट परिसर की यह तस्वीर साफ तौर पर दर्शाती है कि जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता और जनसुविधाओं को लेकर कितने लापरवाह हैं. कलेक्ट्रेट परिसर जैसी महत्वपूर्ण जगह पर ऐसी लापरवाही समझ से परे है. एक तरफ जहां सरकार स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं जिला मुख्यालय के मुख्य परिसर में ही आम जनता के लिए बुनियादी सुविधाएं तारों के जाल में कैद हैं.



### अधिकारियों की नाक के नीचे अव्यवस्था का आलम

उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई में दूर-दराज ग्रामीण लोग सुबह से आकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। ऐसे में कलेक्ट्रेट जैसी वीआईपी जगह पर बाथरूम बंद होना उनकी परेशानी का सबसे बड़ा सबब बन गया। सबसे ज्यादा परेशानी उन दिव्यांग आवेदकों को उठानी पड़ी जो ठीक से चल-फिर भी नहीं सकते। उनके लिए बनाए गए विशेष शौचालयों पर भी तार का ताला लटका मिला।

# दिन में 43 डिग्री और रात को 29 .8 डिग्री पहुंचा तापमान

**ब्यावरा 9 जून.** बीते दिनों प्री मानसून की दस्तक के साथ नौतपे में ही राहत देने वाली गर्मी ने अब फिर से अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए है. एक बार फिर से गर्मी ने प्रदेश स्तर पर अपने रिकॉर्ड बनाना शुरू कर दिए है. मंगलवार को दिन में तापमान जहां अधिकतम 43 डिग्री पहुंच गया वहीं सोमवार की रात पारा 29 के ऊपर जा पहुंचा. इस मर्तबा लोगों को लू, तेज धूप और उमस तीनों का सामना एक साथ करना पड़ रहा है. ऐसे में जनजीवन हलाकान हो चुका है. भारी गर्मी और उमस से लोगों में घबराहट की शिकायतें आ रही है. वहीं हवाओं में भी अनियमितताएं होने से परेशानी ज्यादा बढ़ रहा है. इधर मौसम में गर्मी लू, तेज धूप की तपिश और उसम तीनों मिलकर आमजनजीवन को हलाकान कर रहे है. इससे लोगों में घबराहट बढ़ रही है. थोड़ी देर भी लाईट चले जाने पर लोग तिलमिला उठ रहे है. जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों से अलर्ट रहने की अपील की है. नागरिकों से बार-बार पानी पीने, छांव में रहने, दिन में अनावश्यक नहीं निकलने की अपील की है.

# जिला अस्पताल में आधी रात को हंगामा

- परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही करने का आरोप
- पुलिस की समझाईश के बाद दोनों पक्षों में रजामंदी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून. जिला अस्पताल के पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट ( पीआईसीयू ) विंग में सोमवार देर रात मरीज के परिजनों और अस्पताल स्टाफ के बीच विवाद हो गया. दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की तथा मारपीट की नौबत आ गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर काबू किया.**

जानकारी के अनुसार सोमवार को ग्राम सेमली के समीप एक सड़क हादसे में बोंदर बरखेड़ा के रहने वाले हरिनारायण उनकी पत्नी भूरी बाई और मासूम बालक विराट गंभीर घायल हो गए थे. विराट को जिला अस्पताल के आईसीयू में वेंटीलेटर पर रखा गया था. रात लगभग नौ बजे जब उसकी तबियत और बिगड़ने लगी तो डॉ. गौरव ताम्रकार ने विराट को भोपाल रेफर कर दिया ताकि वहां न्यूरोसर्जन को दिखाया जा सके. जैसे ही बच्चे को रेफर किए जाने की बात परिजनों को पता चली तो वह बिफर गए और पीआईसीयू में मौजूद डॉक्टर पर सही तरीके से उपचार न करने का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगे. इस दौरान कुछ लोगों ने पीआईसीयू में भी घुसने का प्रयास किया. हालात बिगड़ते देख चिकित्सकों ने चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों को बुलाया. उन्होंने व अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने जब परिजनों की भीड़ को समझाने का प्रयास किया तो सुरक्षाकर्मियों से भी उनका विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ गया कि उनके बीच झूमाझटकी शुरू हो गई. सूचना मिलने पर कोतवाली से भी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था. बाद में परिजन बच्चे को एंबुलेंस से भोपाल ले जाने को राजी हुए. परिजनों की मनोस्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो परिजनों ने भी शिकायत दर्ज कराने से इंकार कर दिया था. हालांकि इस घटना से देर रात तक जिला अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना रहा था.



### बच्चे को रेफर करना जरूरी था

सड़क हादसे में बच्चे के सिर में गंभीर चोट आई थी, इसलिए उसे न्यूरोसर्जन को दिखाने के लिए रेफर करना जरूरी था. परिजन विवाद कर रहे थे, लेकिन बाद में वह बच्चे को ले जाने को राजी हो गए. वेंटीलेटर सुविधा वाली एंबुलेंस से बच्चे को भोपाल भेजा गया है.

**डॉ. यूके श्रीवास्तव,** सिविल सर्जन

# गले में आवेदनों की माला टांगकर कलेक्टोरेट पहुंचा पीड़ित

**गुना, 9 जून. जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उस समय एक बेहद अजीबो-गरीब और हैरान कर देने वाला नजारा देखने को मिला, जब एक पीड़ित व्यक्ति अपने ही शिकायती आवेदनों की लंबी माला गले में लटकाकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंच गया.**

प्रशासनिक अनदेखी और पुलिस की कार्यप्रणाली से तंग आ चुके इस शख्स को जिसने भी देखा, वह दंग रह गया. आवेदनों की माला पहनकर पहुंचे पीड़ित कमल सिंह यादव ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि वे पिछले 4वर्षों से इंसाफ के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं. साल 2022 में उनके यहाँ एक बड़ी चोरी की वारदात हुई थी, जिसमें चोरों ने 2 लाख 8 हजार रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात सहित कुल 4 लाख रुपये के माल पर हाथ साफ कर दिया था.



# हनौता डैम विस्थापितों का फूटा गुस्सा

**पठारी.** हनौता डैम परियोजना के कारण विस्थापित हुए ग्राम बिसराही और खजुरिया के ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए तहसीलदार अभिषेक पांडे को ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिसराही कॉलोनी में आवंटित प्लॉटों का समुचित समतलीकरण और भराव कार्य अब तक पूरा नहीं किया गया है. ग्रामीणों का कहना है कि जल संसाधन विभाग द्वारा कुछ प्रभावशाली लोगों के प्लॉटों में भराव कार्य कर दिया गया, जबकि 50 प्रतिशत से अधिक गरीब पट्टाधारकों के प्लॉट अब भी गहरे गड्ढों के रूप में पड़े हैं.

# कुबेरेश्वर धाम के गेट बंद होने से व्यापारी आक्रोशित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 9 जून. कुबेरेश्वरधाम के गेट नंबर 1 और 2 बंद किए जाने के बाद स्थानीय व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिली. सोमवार को बड़ी संख्या में व्यापारी धाम परिसर के बाहर एकत्रित हुए और गेट पुनः खोलने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया.**

व्यापारियों का कहना है कि मुख्य प्रवेश द्वार बंद होने से उनकी दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है, जिससे आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है. व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने कुबेरेश्वरधाम में आने वाले श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए लाखों रुपये का निवेश कर दुकानें संचालित की हैं. गेट बंद होने के कारण उनके व्यापार पर असर पड़ा है. कई दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है. व्यापारियों ने प्रशासन के माध्यम से अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा. इस दौरान व्यापारी जमकर नारेबाजी भी करते रहे.

इस मामले में विठलेश सेवा समिति के समीर शुक्ला ने बताया कि आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों के तहत धाम परिसर में कॉरिडोर निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं का कार्य चल रहा है.




# क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती से आम नागरिक परेशान

**पाथाखेड़ा, 9 जून. भीषण गर्मी के बीच सारनी नगर क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है. 220 केवी से लेकर 33 केवी लाइन तक लगातार तकनीकी फॉल्ट, तो कभी ट्रांसफार्मर खराब तो कभी जंपर खराबी और बढ़ते लोड के कारण घंटों बिजली गुल रहने से आम नागरिक भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं.**

दिन-रात हो रही अघोषित कटौती से लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ गहरा आक्रोश व्याप्त है. नगरवासियों का आरोप है कि पिछले वर्षों में बिजली विस्तारीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं आज भी कमजोर बनी हुई हैं. लोगों का कहना है कि विस्तारीकरण कार्यों में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार हुआ, जिसकी आज तक निष्पक्ष जांच नहीं हुई. लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं.

# श्मशान से चोरी हो गए मृतक के अवशेष

नवभारत न्यूज

**गुना 9 जून. जिले में मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाला और बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है. बमोरी थाना क्षेत्र के ग्राम सिलावटी रामपुरा में दबंगों द्वारा श्मशान की जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से एक मृतक की अंत्येष्टि के बाद उसके अस्थियां चोरी कर लिए गए.**

घटना से आक्रोशित और दुखी परिजन मंगलवार को तीसरे की रस्म के दिन अस्थियां न मिलने पर सीधे कलेक्टोरेट पहुंचे और जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिलावटी रामपुरा निवासी दीवान सिंह राजपूत का बीती 7 जून को निधन हो गया था, जिसके बाद परिजनों ने सुबह करीब 7 बजे स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया था. मृतक के साले गुलाब सिंह ने बताया कि अंतिम संस्कार के अगले दिन रात के वक्त दूसरे गांव पांचौरा के रहने वाले श्याम मीना, लक्ष्मण मीना, मुरारी मीना, विट्ठलदास, घनश्याम लोधा और ओमप्रकाश लोधा सहित अन्य लोग श्मशान पहुंचे और वहां से चिता के सारे अवशेष व अस्थियां चोरी कर ले गए. मंगलवार को जब परिवार के लोग तीसरे की प्रथा के लिए श्मशान पहुंचे, तो वहां चिता की राख के अलावा कुछ नहीं मिला.



### इनका कहना है

मैं अभी छुट्टी पर हूं, मुझे इसकी जानकारी नहीं है.

**विवेक अष्ठाना,**
एसडीओपी गुना ग्रामीण

# दर्जनों किसानों को बैंक वसूली के नोटिस से हड़कंप

**राजगढ़ 9 जून. जिले के दर्जनों किसानों को बैंक वूसली प्रकरणों के नाम से नोटिस मिलने से हड़कंप मच गया है. मामले में किसानों की शिकायत के बाद किसान कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जिसमें सभी नोटिस को फर्जी बताया जा रहा है. किसान कांग्रेस का आरोप है कि निजी वसूली एजेंसी ने गलत तरीके से नोटिस बनाकर किसानों को भेजे है.**

वहीं मामले में किसान कांग्रेस के अनुसार तहसील कार्यालय ने इन सभी नोटिस पर लगी सील को अपने कार्यालय से जारी होने की पुष्टि नहीं की है.

ब्यावरा तहसील के दर्जनों किसानों को पंजाब नेशनल बैंक के हवाले से आरआरसी नोटिस जारी किए गए है. ये नोटिस ऋण वसूली के संबंध में है जिसमें राशि जमा नहीं करने पर नीलामी की कार्यवाही की चेतावनी दी गई है. नोटिस पर वसूली की तिथि 1 जून तक की स्थिति में दर्शाई गई है. अब कई किसान ये नोटिस लेकर बैंकों के पास पहुंच रहे है. वहीं बैंक द्वारा इस मामले में रिकवरी एजेंसी से सम्पर्क करने की बात कही जा रही है.

# हाईवे पर युवक की मौत से आक्रोशित हुए लोग

- एक और जिन्दगी लील गया शहर से गुजरने वाला हाईवे
- शराब ठेके को हाईवे से हटवाने की मांग

**राजगढ़ 9 जून. शहर के मिडवे होटल के सामने सोमवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद मृतक के परिजनों और कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिला. लोगों ने कोतवाली, जनसुनवाई और हाईवे पर प्रदर्शन कर शराब ठेका हटाने तथा दुर्घटना के जिम्मेदार वाहन चालक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की.**

जानकारी के अनुसार रात करीब 11.30 बजे आदित्य माथुर (19) पिता स्व. संदीप माथुर, अपने मित्र शुभम चौहान (18) पिता बालू सिंह चौहान तथा सुरेश गौड़ निवासी भागवती कॉलोनी के साथ पैदल जा रहे थे. इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार मारुति वैन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी.

हादसे के बाद सुरेश एवं मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उपचार के दौरान आदित्य ने दम तोड़ दिया, जबकि शुभम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर किया गया.



### आठ वर्ष पहले पिता की भी सड़क हादसे में मौत हुई थी

मृतक आदित्य की पारिवारिक परिस्थितियां भी बेहद मार्मिक हैं. करीब आठ वर्ष पूर्व उसके पिता की भी एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी. इसके बाद उसकी मां लक्ष्मी माथुर घरों में काम कर परिवार का पालन-पोषण कर रही थीं. इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

# अब ऊंट आया 11 केवी के नीचे, करंट से मौत

नवभारत न्यूज

**बोड़ा 9 जून. अक्सर कहावतों में सुना जाता है कि अब ऊंट आया पहाड़ के नीचे. लेकिन पहाड़ के नीचे आने के बाद भी कहावतों में ऊंट सुरक्षित रहता है. लेकिन बोड़ा के पास कुंवरकोटरी गांव में कुछ अलग हुआ.**

पहाड़ के नीचे आने के बाद भी बचने वाला ऊंट इस बार 11 केवी लाईन के नीचे आ गया और बच नहीं पाया. बिजली की सरकारी तारों के नीचे आने से वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार बोड़ा थाना क्षेत्र के कुंवर कोटरी गांव में बिजली विभाग की भारी लापरवाही के चलते एक करंट लगने से एक ऊंट की मौत हो गई. पशुपालक के मुताबिक उनको 90 हजार का नुकसान हुआ है. वहीं इस घटना को लेकर स्थानीय निवासियों ने बिजली कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है. कुंवर कोटरी गांव के पास ऊंट ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया.

# 2 जेसीबी, 2 डम्पर एवं 7 ट्रैक्टर जप्त

**बैतूल, 9 जून.. घोड़ाडोंगरी तहसील के ग्राम चिखलपाटी की भड़ंगा नदी क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं भण्डारण की सूचना मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) शाहपुर के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस एवं खनिज अमले द्वारा संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही करते हुए उक्त क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया.**

मौका निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुर, तहसीलदार घोड़ाडोंगरी, नायब तहसीलदार चोपना, हल्का पटवारी, पुलिस थाना चोपना का पुलिस बल खनि निरीक्षक एवं सहायक खनि अधिकारी बैतूल द्वारा मौका निरीक्षण के दौरान उक्त नदी क्षेत्र स्थित शासकीय भूमि ख. क्र.475 रकबा 9.100 हेक्टेयर क्षेत्र में से रेत उत्खनन कर नदी के किनारे ग्राम चिकलपाटी की भूमि ख. क्र. 474 रकबा 64.947 हेक्टेयर मद बड़े झाड़ का जंगल में 02 अलग-अलग ढेर के रूप में खनिज रेत का अवैध भण्डारण करना पाया गया, जिसमें से एक ढेर में खनिज रेत की मात्रा 210 घन मीटर एवं दूसरे ढेर में खनिज रेत की मात्रा 120 घन मीटर पाई गई. इस प्रकार खनिज रेत की कुल मात्रा 330 घन मीटर का मौके पर भण्डारण पाया गया. इसके साथ ही मौके पर 07 ट्रेक्टर-ट्राली में से 03 ट्रैक्टर-ट्राली एवं 01 डम्पर खनिज रेत से भरा पाया गया. संयुक्त अमले द्वारा मौके पर कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से भंडारित खनिज रेत मात्रा को जब्त करने के साथ अवैध भण्डारण, परिवहन में संलग्न मशीनऔर वाहनों को भी जब्त कर वाहन मालिकों, अवैध भंडारण कथाओं के विरूद्ध खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जा रही है.



उम्मीद

कलेक्टर की संवेदनशीलता : बच्चों को हाथों में सौंपी किताबें

# अनाथ भाई-बहन का कलेक्टर ने कराया स्कूल में दाखिला

**अशोकनगर, 9 जून. जिला मुख्यालय पर आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई वैसे तो आम जनता की शिकायतों और प्रशासनिक फाइलों के निपटारे का केंद्र होती है, लेकिन मंगलवार को यहा मानवता और उम्मीद की एक बेहद भावुक तस्वीर देखने को मिली.**

जनसुनवाई में जब पिता का साया खो चुके दो मासूम बच्चे अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, तो कलेक्टर साकेत मालवीय का संवेदनशील रूप सामने आया. उन्होंने न सिर्फ बच्चों को दुलारा, बल्कि मौके पर ही उनका भविष्य संवारने का इंतजाम भी कर दिया.

दरअसल चंदेरी विकासखंड के विक्रमपुर निवासी संजू केवट और उसकी बहन मीनाक्षी केवट के सिर से पिता स्वर्गीय गोविंद केवट का साया उठ चुका है. पिता के निधन के बाद इन मासूम भाई-बहन के सामने न सिर्फ जीवन बसर करने का संकट खड़ा हो गया था, बल्कि उनकी स्कूली शिक्षा भी पूरी तरह अधर में लटक गई थी.




### डीपीसी राहुल शर्मा बने मददगार

कलेक्टर की तत्परता से दोनों बच्चों का दाखिला तत्काल विकासखंड चंदेरी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय विक्रमपुर में कराया गया. इतना ही नहीं, कलेक्टर ने खुद अपने हाथों से दोनों भाई-बहन को स्कूल की नई पुस्तकें और शिक्षण सामग्रियां वितरित कीं. जब बच्चों के छोटे-छोटे हाथों में नई किताबों का बंडल आया, तो उनके चेहरों पर बिखरी मुस्कान ने वहां मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया.

# बिजली कंपनी जेई से अधिवक्ता ने की मारपीट

**खुरई 9 जून.** विद्युत विभाग के खुरई कार्यालय में पदस्थ जूनियर इंजीनियर कैलाश बेलदार के साथ, अधिवक्ता संतोष सिंह, नरेन्द्र कुर्मी, श्रीमति मेवा लोधी एवं एक अन्य व्यक्ति द्वारा, जब जेई कैलाश बेलदार अपने ऑफिस में कार्यालयीन कार्य संपादित कर रहे थे, उस दौरान कार्यालय में भीतर घुसकर गंदी-गंदी भद्दी गालियाँ देते हुए एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जे.ई. की जूता चप्पलो से मारपीट कर दी. जान से मारने की धमकी दी गई जिसकी एफ.आई.आर पुलिस थाना में दर्ज की गई है.

आवश्यकता है

प्रसार एवं प्रचार विभाग कार्य हेतु

सर्वेयर की

दैनिक समाचार पत्र नव भारत के प्रसार एवं प्रचार योजना के लिए नवयुवक और युवतियों की आवश्यकता



- योग्यता - स्नातक
- डोर टू डोर कार्य में रूचि
- स्वयं का वाहन आवश्यक
- पूर्व में समाचार पत्र में सर्वेयर अनुभवी को प्राथमिकता

स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल, ईमेल:- hr@navabharat.com मो. 7869159686